कार्यालय जिला कलक्टर बाड़मेर

क्रमांक : वाद/डीसीकोर्ट/2025/ 671 दिनांक : 07.7.25

आदेश

अधिवक्ता श्री डुगरसिंह महेचा द्वारा प्रार्थीगण रेवन्तसिंह पुत्र हेमसिंह जाति राजपूत निवासी राणासर कला तहसील धोरीमन्ना, जिला बाड़मेर की ओर से जिला कलक्टर कार्यालय में राजस्व आवेदन संख्या 104/2022 अनवान रेवन्तसिंह व अन्य बनाम जीवराजराज सिंह व अन्य प्रस्तुत कर उपखण्ड अधिकारी धोरीमन्ना के न्यायालय में विचाराधीन राजस्व आवेदन सं. 06/2017 बअनवान रेवन्तसिंह व अन्य बनाम जीवराजसिंह व अन्य को अन्यत्र किसी न्यायालय में विचारण हेतु स्थानान्तरित करने का निवेदन किया है।

प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र एवं संलग्न दस्तावेजात का अवलोकन किया। प्रार्थी के द्वारा प्रकट तथ्यों एवं प्रस्तुत टिप्पणी/जवाब पर मनन करते हुए न्यायहित में प्रार्थी का प्रार्थना–पत्र स्वीकार किया जाता हैं। राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 54 में यथाविहित प्रावधानों के अन्तर्गत उपखण्ड अधिकारी धोरीमन्ना के न्यायालय में विचाराधीन राजस्व आवेदन सं. 06/2017 बअनवान रेवन्तसिंह व अन्य बनाम जीवराजसिंह व अन्य के प्रकरण में सुनवाई एवं निस्तारण हेतु उपखण्ड अधिकारी चौहटन के न्यायालय में स्थानान्तरित किया जाता है। प्रकरण के पक्षकारान मय अधिवक्तागण सुनवाई हेतु उपखण्ड अधिकारी चौहटन के समक्ष उपस्थित होकर चाराजोही करें।

(टीना डाबी)
जिला कलक्टर, बाड़मेर

क्रमांक : वाद/डीसीकोर्ट/2025/ 672-75 दिनांक : 07.7.25

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–

1. उपखण्ड अधिकारी धोरीमन्ना/चौहटन
2. अधिवक्ता प्रार्थी/अप्रार्थीगण

जिला कलक्टर, बाड़मेर

Signature Not Verified

Digitally signed by Tina Dabi
Date: 2025.08.05 15:47:33 IST
Reason: SelfAttested